## इंजीनियरिंग कॉलेज के नजदीक निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण किया

# बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन पुल का निर्माण अगले साल होगा पूरा

### डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता,पटना

**डीएम** डॉ त्यागराजन एसएम ने बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन पुल के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने बीएसआरडीसी के अधिकारियों को तेजी से काम करने का निर्देश दिया. गंगा नदी पर बन रहे 5.5 किलोमीटर लंबे फोरलेन पुल का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है. इस पुल के निर्माण से उत्तर व दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी सुगम होने के साथ लोगों के लिए आवागमन सहज होगा. डीएम ने देदौर गांव के समीप स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बन रहे आरओबी का निरीक्षण किया. उन्होंने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने व दो माह के अंदर इसे पूरा करने का निर्देश दिया. आरओबी का निर्माण 62.44 करोड़ से हो रहा है. एनएच-30 व एसएच-106 को जोड़ने वाले इस आरओबी के निर्माण से इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों, प्राध्यापकों सहित लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी.



बख्तियारपुर में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते डीएम.

### सभी कार्य समय से पूरा कराने की बात कही

उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज में अतिरिक्त प्रशासनिक सह शैक्षणिक भवन, बालिका छात्रावास व ऑडिटोरियम के निर्माण के संबंध में संबंधित संवेदक व अधिकारियों को सभी कार्य समय से पूरा कराने की बात कही. डीएम ने बख्तियारपुर नगर क्षेत्र के सीढ़ी घाट में चल रहे गंगापथ, पैदल पथ व श्रीगणेश प्लस टू विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया. मौके पर एसडीओ चंदन कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक, पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता व बीडीओ अशोक प्रसाद सहित कई अधिकारी मौजूद थे.